## संजय दत्त की भूमि के लिए आइटम सॉन्ग करेंगी सनी लियोनी





शाहरुख खान की फिल्म रईस में लैला मैं लैला के रीमिक्स पर एक आइटम सॉन्ग करने के बाद सनी लियोनी अब संजय दत्त की कमबैक फिल्म भूमि के लिए भी एक गाना शूट करेंगी। ट्रिपी ट्रिपी नाम के इस गाने को गणेश आचार्य ने कोरियॉग्राफ किया है और अगले महीने इसकी शूटिंग की जाएगी। इस बारे में हमारे सहयोगी अखबार मुंबई मिरर को सनी ने बताया, मैं इस गाने पर फिल्म के डायरेक्टर उमंग कुमार और गणेश आचार्य के साथ काम कर रही हूं। इसके लिए रिहर्सल पहले ही शुरू हो चुकी हैं। इस गाने के लिए गणेश आचार्य ने मुझे कुछ बेहद मुश्किल स्टेप्स दिए हैं। मैं उन स्टेप्स को अच्छी तरह से करने की कोशिश कर रही हूं। यह गाना मेरे पहले के गानों से काफी अलग है। यह गाना युवाओं में काफी लोकप्रिय होगा। सनी ने बताया कि वह पिछले काफी समय से संजय दत्त की फैन हैं लेकिन अभी तक उनसे नहीं मिल सकी हैं। यह गाना भूषण कुमार और संदीप सिंह द्वारा प्रड्यूस किया जाएगा। इस बीच फिल्म के डायरेक्टर उमंग कुमार आश्वस्त हैं कि सनी इस गाने को बेहतरीन तरीके से निभा पाएंगी। उन्होंने बताया, यह गाना फिल्म की कहानी में काफी महत्वपूर्ण है और हम चाहते थे कि केवल सनी ही इस गाने को करें।

## लखनऊ सेंट्रल के ट्रेलर में फरहान की दीवानगी देखने लायक



एयरलिफ्ट मेकर्स एक नई थ्रिलर फिल्म लखनऊ सेंट्रल लेकर हाजिर हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है। फिल्म ऐक्टर फरहान अख्तर ने आज सुबह इस ट्रेलर को लॉन्च किया है। फिल्म में किशन मोहन गिरोत्रा के रूप में फरहान के किरदार की पहली झलक ने ही खूब चर्चा बटोरी थी और अब ट्रेलर भी उतना ही जबरदस्त दिख रहा। लखनऊ सेंट्रल जेल की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। 2 मिनट 37 सेकंड के इस विडियो में किशन दिल्ली पहुंचकर एक सफल सिंगर बनने का सपना देख रहा। लेकिन, अचानक कुछ ऐसा होता है कि उसपर मर्डर का अल्जाम लग जाता है। दरअसल, किशन किसी बड़ी साजिश का शिकार होता है और वह जेल पहुंच जाता है। फिर जेल में ही तैयार होता है बैंड बनाने के सपने की प्लानिंग और इस दौरान आपकी सांसें भी थमी रहेंगी। किशन के इस सपने में साथ देते हैं कुछ और जेल के साथी। फरहान के साथ दीपक डोबरियाल की केमिस्ट्री शानदार बन पड़ी है। हैपी भाग जाएगी के बाद डायना पेंटी एक अलग अंदाज़ में दिख रही हैं, जो एक एनजीओ वर्कर का रोल प्ले कर रही हैं यहां। फिल्म में रॉनित रॉय के किरदार में भी काफी दम दिख रहा। कहा जा रहा है कि यह फिल्म असली घटनाओं से प्रेरित है, जिसे डायरेक्ट किया है रंजीत तिवारी और निखिल आडवानी ने। फिल्म के 15 सितंबर को रिलीज होने की उम्मीद है।

## ...फिर मैं उन शब्दों का मतलब रणविजय से पूछती हूं : सनी लियोनी

सनी लियोनी ने बहुत ही कम समय में मनोरंजन जगत में अपनी जमीन तलाश ली है। सनी खुद को सिर्फ ऐक्टर नहीं मानतीं। आइटम सॉन्ग, ऐड और टेलिविजन समेत अलग-अलग फील्ड में सनी अपना नाम कर रही हैं। भले ही उनकी पिछली फिल्म वन नाइट स्टैंड बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई, लेकिन मायूस होने की बजाय वह इन दिनों अपने टेलिविजन रिऐलिटी शो स्प्लिट्सविला की एंकरिंग के साथ-साथ दूसरे प्रॉजेक्ट्स में व्यस्त हैं। हमसे बातचीत के दौरान उन्होंने इस शो और अपने करियर से जुड़े कुछ दिलचस्प पहलुओं पर दिल खोलकर बात की...

स्प्लिट्सविला की शूटिंग का एक्सपीरियंस आपके लिए कैसा रहा? लोगों को टीवी पर देखकर ऐसा ही लगता होगा कि इस रिऐलिटी शो के होस्ट व प्रतिभागी पूरे समय मस्ती करते होंगे। आपको बता दूं कि कई बार परिस्थिति ऐसी हो जाती थी कि हमें सोने तक का वक्त नहीं मिल पाता था। कई बार ऐसा भी होता था कि हमें देर रात उठ शूटिंग करनी पड़ती है। इसकी शूटिंग जिम कॉर्बेट के जंगलों में हुई थी। वहां हमें रात भर कीड़े तंग करते रहते थे। खासकर मच्छरों ने तो हमें जीना मुहाल कर दिया था। आप मानेंगी नहीं लेकिन एक सीन मैंने मच्छरों को भगाने वाली कॉइल को हाथों में लेकर शूट किया है। चाहे माहौल कितना भी क्रेजी हो, आप पूरी टीम के साथ अगर लगन से काम करते हैं तो कई सारी दिक्कतें नजरअंदाज हो जाती हैं। क्या कभी सेट पर शो मस्ट गो ऑन वाली स्थिति रही? नहीं। ऐसी नौबत कभी नहीं आई। हां, रणविजय उन दिनों शूटिंग कर रहे थे जब वह पापा बनने वाले थे। जिस दिन उन्हें बेटी हुई वह सेट पर ही थे। मैं उनकी मनोस्थिति समझ सकती हूं, कैसे अपनी फैमिली और वाइफ से दूर रहकर वह काम कर रहे थे। मेरी कोशिश होती थी कि मैं उन्हें कम्फर्टेबल महसूस करवाऊं ताकि उनका ध्यान वहां से हटे।

# लखनऊ की सेंट्रल जेल में फरहान अख्तर!



फिल्ममेकर और एक्टर फरहान अख्तर ने अपनी आने वाली फिल्म लखनऊ सेंट्रल में अपने किरदार का पहला लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह हाथों में स्लेट पकड़े जेल में बंद एक कैदी के रूप में नजर आ रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, यह है किशन मोहन गिरहोत्रा, जेल में जिसे 1821 बुलाते हैं। यह फिल्म लखनऊ सेंट्रल जेल के बैकग्राउंड पर बनी है, जिसमें फरहान एक ऐसे कैदी की भूमिका निभा रहे हैं, जो भोजपुरी गायक बनने की इच्छा रखता है, लेकिन अपना इसा

महत्वाकांक्षा के चलते वह बहुत मुश्किल परिस्थितियों में फंस जाता है। अपने किरदार के बारे में फरहान बताते हैं, मुरादाबाद का रहने वाला एक साधारण व्यक्ति किशन मोहन गिरहोत्रा एक गायक के रूप में बड़ा बनने का सपना संजोए रखता है, लेकिन भाग्य को कुछ और ही मंजूर होता है। उसे एक हाइ प्रोफाइल आदमी की हत्या का दोषी ठहरा दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप उसे लखनऊ की सेंट्रल जेल में भेज दिया जाता है। इस फिल्म में अभिनेता रवि किशन भी एक अहम भूमिका निभा हैं। इस फिल्म के लिए मुंबई की फिल्म सिटी में ही लखनऊ की सेंट्रल जेल का एक बड़ा सेट बनाया गया है, जो आजकल काफी चर्चा में है। फिल्म की शूटिंग पूरे जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन रंजीत तिवारी कर रहे हैं।

## फिल्म से ज्यादा तो रिव्यू हिट हो गया

टॉलिवुड ऐक्टर जगपति बाबू की बीते दिनों रिलीज हुई तेलुगू मूवी पटेल सर से ज्यादा चर्चे इस फिल्म के एक रिव्यू के हैं। वैसे तो यह विडियो यूट्यूब पर वायरल हो ही रहा था लेकिन 2 दिन पहले फिल्म मेकर शिरीष कुंदर ने इस रिव्यू का विडियो ट्विटर पर शेयर किया तो यहां भी इसके चर्चे शुरू हो गए। करीब 2 मिनट के इस विडियो में फिल्म रिव्यू कर रहा बंदा भावनाओं में इतना बह गया है कि वह मोडेबल और हिजिटेटिंग जैसे इंग्लिश के नये-नये शब्द भी ईजाद करता जा रहा है। वह जगपति बाबू को सलाह भी देता है कि उन्हें करैक्टर रोल छोड़कर हीरो के रोल ही करने चाहिए। और वह हम लोगों को भी एक सलाह देता है कि अगर हमने यह फिल्म नहीं देखी तो हमारी आधी जिंदगी बर्बाद समझो। खैर, कुंदर के इस ट्वीट पर लोगों के तरह-तरह के रिऐक्शन आए। कुछ इसकी धाराप्रवाह अंग्रेजी की तारीफ कर रहे थे तो कुछ इस तरह किसी का भी मजाक उड़ाने को सही नहीं ठहरा रहे थे। यह सिलसिला चल ही रहा था कि कुछ लोगों ने सच उगल दिया कि यह बंदा असल में एक कमीडियन है और इंटरनेट पर मोडेबल गाइ नाम से मशहूर है। और तो और, खुद मोडेबल गाइ के अनवेरिफाइड ट्विटर हैंडल से शिरीष के लिए थैंक्स भी आ गया। यह विडियो देखकर आप भी लोटपोट हुए बिना नहीं रह पाएंगे।

## इस पाकिस्तानी ऐक्ट्रेस के साथ चल रहा है रणबीर का अफेयर?



शाहरुख खान के साथ फिल्म रईस से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली पाकिस्तानी ऐक्ट्रेस माहिरा खान के लुक्स और ऐक्टिंग के कारण भारत में भी काफी फैन हैं। कुछ हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ऐसी अफवाहें सामने आ रही हैं कि माहिरा खान और रणबीर कपूर के बीच कुछ न कुछ पक रहा है। पिछले साल के एक अवॉर्ड फंक्शन के समय का रणबीर और माहिरा एक विडियो लीक हुआ है जिसमें माहिरा, रणबीर से किसी बात की हाथ जोड़कर याचना कर रही हैं। हालांकि लोगों का ध्यान इस विडियो से बहुत जल्द ही हट गया और फिर से पूरा फोकस रणबीर और कटरीना कैफ के ब्रेकअप पर हो गया। अब एक बार फिर लोगों का ध्यान इस ओर गया है और ऐसा माना जा रहा है कि यह क्रॉस-बॉर्डर फ्रेंडशिप दोस्ती से कुछ ज्यादा है। रणबीर के एक दोस्त ने बताया, रणबीर, माहिरा को काफी पसंद करते हैं। वह काफी गर्म जोशी के साथ उनके बारे में बात करते हैं और उनके साथ अपनी फोटो सेल फोन में अपने दोस्तों को दिखाते हैं। ऐसा लग रहा है कि इनकी रिलेशनशिप कैजुअल फ्रेंडशिप से आगे बढ़ रही है। वहीं रणबीर कपूर के बारे में बात करते हुए माहिरा ने मीडिया को बताया, बॉलिवुड की यंग जेनरेशन में रणबीर कपूर सबसे प्रतिभाशाली हैं। वह बहुत अच्छे ऐक्टर हैं। याद रहे कि कुछ समय पहले रणबीर कपूर से भी एक इंटरव्यू में सबसे खूबसूरत ऐक्ट्रेसस के बारे में जब पूछा गया था तो उन्होंने उसमें उन्होंने कहा था, पाकिस्तान की माहिरा खान काफी खूबसूरत हैं।

## अजान की आलोचना पर सुचित्रा को पड़ रही हैं भद्दी गालियां

लाउडस्पीकर के जरिये तेज अजान की आलोचना करने वाली ऐक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति को सोशल मीडिया पर जमकर गालियां पड़ रही हैं। सुचित्रा ने इसे धार्मिकता को थोपने का मामला करार दिया था, जिसके बाद उन्हें ट्विटर पर भद्दी गालियों का शिकार होना पड़ा। सुचित्रा ने गाली-गलौज से भरे इन ट्वीट्स को रीट्वीट करते हुए लिखा, इन कामुक लोगों को देखो, अपने भारत के लिए बुरा लगता है- महिलाओं के प्रति इस तरह का रवैया देखकर इस बात पर कोई आश्चर्य नहीं होता कि भारत दुनिया में रेप की राजधानी बन चुका है। इन ट्वीट्स में इतने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है कि हम यहां पब्लिश नहीं कर सकते इसलिए उन हिस्सों को ब्लर कर दिया गया है। एक तरफ जहां कुछ लोग उनपर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने सुचित्रा का समर्थन करते हुए भी ट्वीट किया है।

## धनुष-काजोल की वीआईपी 2 ललकार का धमाकेदार ट्रेलर






धनुष और काजोल की प्रमुख भूमिकाओं वाली फिल्म वीआईपी 2 ललकार का हिंदी ट्रेलर रिलीज़ कर दिया गया है। इस फिल्म का तमिल और तेलुगू में पहले ही ट्रेलर रिलीज़ कर दिया गया है जो काफी पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर में फिल्म के हीरो रघुवरन की कहानी दिखाई गई है जो अपनी पत्नी और पिता के साथ खुशहाल जीवन बिता रहा है। इस बार रघुवरन के रास्ते में एक नया दुश्मन वसुंधरा आती है। वसुंधरा का रोल ही काजोल निभा रही हैं। यह फिल्म इन दोनों के बीच की रस्साकशी पर ही आधारित है। यह फिल्म सुपरहिट वीआईपी का सीक्वल है। ट्रेलर में काजोल और धनुष का जबर्दस्त स्क्रीन प्रेजेंस दिखाई दे रहा है। हालांकि हिंदी का ट्रेलर इस फिल्म के क्षेत्रीय ट्रेलर से ज्यादा बेहतर और साफ-सुथरा दिखाई दे रहा है। इस फिल्म का डायरेक्शन सौंदर्या रजनीकांत ने किया है और यह 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना : एकता कपूर

दुनिया भर में सराहो और दर्जनों सम्मान से सम्मानित की गई फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का तमाम विवादों के बाद रिलीज़ हुई और दर्शकों को खूब पसंद भी आई। फिल्म की प्रड्यूसर एकता कपूर ने फिल्म की टीम के साथ सफलता का जश्न मनाया और इस मौके पर फिल्म को लेकर खास बातचीत करते हुए बताया कि इस फिल्म को लेकर उनकी टीम, तमाम रिसर्च एजेंसी और उनके करीबियों ने कहा था कि यह फिल्म नहीं चलेगी। लेकिन इस सफलता ने सबको चकित और उन्हें खुश कर दिया है। एकता कहती हैं, फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का की सफलता से मैं सबसे ज्यादा खुश हूं। यह जो खुशी मुझे मिल रही है, बहुत दिनों बाद मिल रही है। लगभग सभी रिसर्च एजेंसी ने मुझे कहा था की यह फिल्म अच्छी ओपनिंग नहीं ले पाएगी। कुछ ऐसे आर्टिकल भी छपे जहां लिखा गया कि लड़कियों की यह कहानी नहीं चलेगी। एकता आगे कहती हैं, मुझे किसी ने कहा था कि ऐसी फिल्में सिर्फ फेस्टिवल में अच्छी लगती हैं। मुझे समझ में यह नहीं आता कि फेस्टिवल वाली फिल्में क्या होती हैं? फिल्में तो फिल्में ही होती हैं, अच्छी होती हैं या फिर बुरी फिल्में होती हैं। हम साफ तौर पर अपने दर्शकों को बेवकूफ समझते हैं, जबकि ऐसा है नहीं। अब लोगों को फिल्म समझ में आ गई है और पसंद भी की गई है... तो इस सफलता से ऐसी फिल्मों के लिए एक नया रास्ता खुल गया है। अब बहुत सारे लो÷ ऐसी फिल्म बनाएंगे... मुझे इस बात की बहुत ज्यादा खुशी है। एकता ने कहा, अब जब फिल्म चल गई और लोगों को पसंद आ गई तो वह लोग जो फिल्म की तारीफ नहीं कर रहे थे, अब उनकी सोच में बदलाव आ गया है। मैं यही कहूंगी कि कुछ तो लोग कहेंगे और लोगों का काम है कहना, फिल्म के इन चार किरदारों को लेकर मुझे बहुत सारे लोगों ने बहुत कुछ कहा है। कुछ लोगों ने अच्छा कहा तो कुछ ने बुरा भी कहा, लेकिन कहानियां तो कहानियां होती हैं। अगर मेरी फिल्म देखने के बाद पांच लोगों की जिंदगी बदलती है... तो मैं ऐसी फिल्में बनाती रहूंगी। मैं कमर्शल प्रड्यूसर हूं, मैं मनोरंजन देने वाली फिल्में बनाती रहूंगी और मैं पैसे भी कमाऊंगी।एकता बताती हैं, मुझे मेरी टीम ने भी कहा था कि इस फिल्म की ओपनिंग 20 लाख से ज्यादा नहीं होने वाली, तो जवाब में मैंने कहा था कि कोई बात नहीं मुझे यह फिल्म खुद रिलीज़ करनी है, नुकसान हुआ तो पांच और धारावाहिक बना कर पैसे कमा लेंगे। मैं महिला निर्माता हूं, तो मेरी भी गुडविल है, इसलिए मुझे ऐसी फिल्मों को रिलीज़ करना है और बनाना भी है। एकता ने कहा, अगर यह फिल्म किसी कारण वश भारतीय दर्शकों तक नहीं पहुंचती तो बहुत बुरा होता क्योंकि यह हमारे देश की कहानी है। दुनिया भर के दर्शक इस फिल्म को देखकर मजे ले रहे हैं तो हमारी लड़कियां क्यों न देखें।

## मुझे कॉफी विद करण में जाने पर मजबूर किया गया : रणबीर कपूर



आपको करण जोहर के मशहूर चैट शो कॉफी विद करण का वह एपिसोड तो याद ही होगा जिसमें रणवीर सिंह और रणबीर कपूर एक साथ पहुंचे थे। इस एपिसोड को इस चैट शो के सबसे अच्छे एपिसोड में से एक माना जाता है। लेकिन हाल में रणबीर कपूर ने इस एपिसोड के बारे में एक सनसनीखेज खुलासा किया है। मीडिया से बात करते हुए रणबीर कपूर ने कहा, आपको पता ही है कि करण के साथ बात करना कितना आसान होता है। वह आपको सहज महसूस कराते हैं और गंभीरता से उनके साथ बातें करते हैं। लेकिन आपको नहीं पता होता कि इन्हीं बातों को लेकर आपकी खिंचाई की जाएगी। मैं इस शो पर जाकर परेशान हो गया था और इसलिए इस सीजन में मैं नहीं जाना चाहता था लेकिन मुझे जबरन इस शो में भेजा गया। मैंने करण को बताया भी कि मैं शो में नहीं आना चाहता और इसके लिए मैंने और अनुष्का ने विरोध करने का निश्चय किया था क्योंकि यह सही नहीं है। करण, हमारे जरिए पैसा बना रहे हैं और हम वहां जाते हैं फिर पूरे साल हमारी खिंचाई की जाती है। यह सही नहीं है। हालांकि रणबीर के इस खुलासे से कोई सोच भी नहीं सकता कि उन्हें जबरन लाया गया था। कॉफी विद करण के 5वें सीजन का यह सबसे बेस्ट एपिसोड माना जाता है। बता दें कि हाल में रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म जग्गा जासूस बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई है। हालांकि संजय दत्त पर बनी बायॉपिक पूरी तरह तैयार है जिसमें रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में हैं।

## इंदु सरकार की रिलीज़ को सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई हरी झंडी




आपातकाल के दौर पर आधारित हिन्दी फिल्म इंदु सरकार की रिलीज़ से जुड़े विवाद पर फैसला सुनाते हुए अब सुप्रीम कोर्ट ने इस फिल्म की रिलीज़ को मंजूरी दे दी है। दरअसल एक याचिकाकर्ता ने इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। उसका कहना था कि इस फिल्म में गांधी परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है। अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि खुद को दिवंगत संजय गांधी की जैविक पुत्री बताने का दावा करने वाली एक महिला ने 28 जुलाई को रिलीज़ हो रही फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। यह फिल्म 1975 से 1977 के आपातकाल के दौर पर आधारित है। उधर, एक अधिवक्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मधुर भंडारकर की इस फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा मिली मंजूरी को वापस लेने का अनुरोध किया था। यह फिल्म 28 जुलाई को प्रदशर्ति होने वाली है जिसकी कांग्रेस ने जोरदार आलोचना की है। प्रिया सिंह पॉल नाम की इस महिला का आरोप था कि मधुर भंडारकर के निर्देशन वाली फिल्म में मनगढ़ंत तथ्यों की भरमार है और यह पूरी तरह अपमानजनक है और यह पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी और उनके पुत्र संजय की छवि को खराब करती है। पॉल के वकील ने कोर्ट में दावा किया था कि भंडारकर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि इस फिल्म में 30 प्रतिशत तथ्य और 70 प्रतिशत कल्पना है। याचिकाकर्ता का दावा है, मेरी जैविक दादी प्रधानमंत्री (इंदिरा गांधी) थीं। फिल्म में पूरी तरह अपमानजनक तथ्यों की भरमार है और एक फिल्म के लिए इन व्यक्तियों की छवि खराब करना बहुत ही भयानक है। याचिका में बंबई हाई कोर्ट के 24 जुलाई के आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

## अभिमान के राइट्स के बारे में मुझे नहीं पता : बिग बी

महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म अभिमान रिलीस हुए 44 साल पूरे हो चुके हैं लेकिन अभिनेता को अब तक इस बात की जानकारी नहीं है कि इसका अधिकार किसके पास है। ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म अभिमान में जया बच्चन ने अमिताभ की पत्नी का किरदार निभाया था। फिल्म में गायक अमिताभ अपनी पत्नी (जया) को भी गाना गाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और जब पत्नी उनसे ज्यादा सफल हो जाती है तो दोनों के बीच ईर्षा बढ़ जाती है। अभिमान के लिए जया बच्चन को फिल्मफेयर बेस्ट ऐक्ट्रेस का पुरस्कार मिला था। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में लिखा, हमारी फिल्म के 44 वर्ष पूरे, जिसने मुझे और जया को एक साथ हमारे करियर के यादगार रचनात्मक पल दिए। ऋषि दा, एस.डी बर्मन का संगीत, मास्टर और लेखन में सभी प्रतिभाशाली प्रतिभाओं का समर्थन उत्कृष्ट था। फिल्म से लोकप्रिय गीत तेरी बिंदिया रे, नदिया किनारे, पिया बिना पिया बिना और तेरे मेरे मिलन की ये रैना जैसे गीत लोकप्रिय रहे। अमिताभ का कहना है कि फिल्म के गीत अब भी यादगार हैं और कई लोगों का सपना हैं।